प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 07.06.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

2 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती—महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में चर्चा की।

3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित सात माओवादी मारे गए—भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद का जखीरा बरामद।

4— ईद—उल—अज़हा आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मनाई जा रही है।

**प्रधामनंत्री—किसान कल्याण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

**केन्द्र सरकार—11 साल**

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है, भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट।
वाईस ओवर —

**पिछले ग्यारह वर्षों में, देश का कृषि क्षेत्र एक मौन क्रांति का गवाह रहा है। इसके पीछे "बीज से बाजार तक" के दृष्टिकोण की प्रेरणा रही है। कृषि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। दो हजार तेरह—चौदह में यह अट्ठाईस हजार करोड़ रुपये था, जो दो हजार चौबीस—पच्चीस में एक लाख सैंतीस हजार करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख सत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि ग्यारह करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा में भी सुधार हुआ। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया, वहीं, फ़सल बीमा योजना से लगभग 20 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है, जिनके एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये के फ़सल बीमा दावों का निपटान किया गया। किसानों को आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक जानकारी के साथ सशक्त बनाया गया है। आज, भारतीय किसान केवल एक कृषक नहीं है, अब वह राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहा है।**

**समाचार डेस्क, आकाशवाणी समाचार, रायपुर।**

**मुख्यमंत्री—बोधघाट परियोजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती–महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में चर्चा की। श्री साय ने कहा कि बस्तर संभाग के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से इन परियोजनाओं की स्वीकृति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग लंबे समय से माओवाद से प्रभावित रहा है, इसी वजह से सिंचाई साधनों के विकास में पिछड़ गया है। इस समस्या को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार इस परियोजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित है। इस परियोजना से एक सौ पच्चीस मेगावाट का विद्युत उत्पादन और मत्स्य उत्पादन जैसे अतिरिक्त रोजगार के अलावा खरीफ तथा रबी फसलों को मिलाकर करीब चार लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सकेगी। साथ ही पूरे संभाग में पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगा। वहीं, इंद्रावती–महानदी इंटरलिकिंग परियोजना से तीन लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत उनचास हजार करोड़ रूपये है, जिसमें इंद्रावती–महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना की लागत लगभग बीस हजार करोड़ रूपये और बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना में लगभग उनतीस हजार करोड़ रूपये की लागत संभावित है। इस परियोजना से दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के दो सौ उनहत्तर गांवों को फायदा मिलेगा।

## मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री मुलाकात

वहीं, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदेश में चल रहे विकास के काम और नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि बस्तर जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और सुरक्षा का माहौल बन रहा है और विकास के नये द्वार खुल रहे हैं। सुरक्षा बलों के साहस और प्रयासों से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। श्री साय ने केन्द्र सरकार के ग्यारह वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का नेतृत्व नये भारत की आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य का प्रतीक है, जिसने वैश्विक मंच पर मां भारती का मान बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की सराहना की और छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों को और गति देने को कहा।

इससे पहले, मुख्यमंत्री श्री साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य के विकास और नक्सल उन्मूलन की जानकारी दी।

## अमित शाह–अधिकारी मुलाकात

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नक्सलवाद के विरूद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से आज नई दिल्ली में भेंटकर उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी। श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार नक्सलवाद के दंश से देश को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में पिछले तीन दिनों से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें दो महिला माओवादी भी शामिल हैं। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में से दो की शिनाख्त कर ली गई है। इनमें एक करोड़ रूपये का इनामी माओवादी सेंट्रल कमेटी सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर और पच्चीस लाख रूपये का इनामी तेलंगाना राज्य कमेटी के सदस्य भास्कर भी शामिल हैं। वहीं, अन्य पांच माओवादियों की पहचान की जा रही है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद का जखीरा बरामद किया गया, जिनमें दो एके–फोर्टीसेवन रायफल भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आसपास के जंगलों में जवान माओवादियों गतिविधियों पर निगरानी रखे हुए हैं।
ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बल के कुछ जवानों को सर्पदंश, मधुमक्खी के डंक, डिहाइड्रेशन और अन्य कारणों से चोटें आई हैं। उन्हें जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। फिलहाल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों में जाकर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है। वैज्ञानिकों की टीम ने रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों के गांवों में जाकर किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान किसानों ने फसल बीमा राशि नहीं मिलने, मृदा की घटती उपज क्षमता, जल स्रोतों की कमी, महंगे बीज और खाद की उपलब्धता तथा मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। किसानों की इन समस्याओं को वैज्ञानिकों ने गंभीरता से सुनी। वैज्ञानिकों ने बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता और नमी का सटीक आंकलन कर खेतों में ड्रोन आधारित सर्वेक्षण और पोषण प्रबंधन से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली अपनाने की सलाह दी।

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के उद्यानिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉक्टर एम.के साहू ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत उनकी टीम धरसींवा विकासखंड के दो गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की और उन्हें कृषि संबंधी तकनीकी जानकारियां दीं।

**ईद–उल–अज़हा**

ईद–उल–अज़हा आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मनाई जा रही है। त्याग और बलिदान के इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की। ईद–उल–अजहा हजरत इब्राहिम द्वारा खुदा के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनायी जाती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश और विदेशों में रह रहे भारतीयों को ईद–उल–अजहा पर शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेशवासियों को ईद–उल–अजहा की मुबारकबाद दी है।

**सौरभ साहू–स्वर्ण पदक**

आंध्रप्रदेश के मछलीपट्नम में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय सी–कयाकिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सौरभ साहू ने दो स्वर्ण पदक जीता है। आज हुई प्रतियोगिता में सौरभ साहू ने सी–कयाक के–वन श्रेणी के पांच सौ मीटर और दो किलोमीटर में दो स्वर्ण पदक हासिल किए।

**संक्षिप्त समाचार**
**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के ग्यारह वर्षों के सफल कार्यकाल की पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत आज मुंगेली स्थित जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

– कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में नई दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने मेसर्स जे.ए.एस. इंफ्रास्ट्रक्टर कैपिटल प्रायवेट लिमिटेड और इसके निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज कोंडागांव में नजूल शाखा में पदस्थ नायब तहसीलदार को पंद्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– कोंडागांव जिले के चिखलपुटी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>